भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1875

उत्तर देने की तारीख 11 दिसंबर, 2024

बुधवार, 20 अग्रहायण 1946 (शक)

'स्किल ऑन व्हील्स' योजना के उद्देश्य

1875. श्री नीरज डांगी:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार की 'स्किल ऑन व्हील्स' योजना का उद्देश्य क्या है;

(ख) इस योजना के माध्यम से युवाओं/महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु कौन-कौन से विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं और यह प्रशिक्षण कब तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ग) उक्त योजना को उद्योग जगत की आवश्यकताओं और बेरोजगार युवाओं के बीच किस प्रकार क्रियान्वित किया जा रहा है; और

(घ) वर्तमान में इस योजना से लाभान्वित हो रहे युवाओं/महिलाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) भारत के कौशल विकास इकोसिस्टम में नवाचार और विकास को प्रोत्साहि करने के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहा है और इसने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत एक निजी संगठन के साथ साझेदारी में 'स्किल ऑन व्हील्स' कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम छह राज्यों बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में लागू किया जा रहा है। इसे भारत के युवाओं को सक्षम बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है कि सुदूर क्षेत्रों में रह रहे व्यक्तियों की कौशल विकास प्रशिक्षण तक पहुँच हो।

इसके अतिरिक्त, एमएसडीई विश्व बैंक ऋण सहायता प्राप्त स्कीम - कौशल अर्जन और आजीविका संवर्धन हेतु ज्ञान जागरूकता (संकल्प) को कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य संस्थानों को मजबूत करके, बाजार संपर्क में सुधार करके और समाज के सीमांत वर्गों के समावेश को बढ़ावा देकर अल्पावधि कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता और पैमाने को बढ़ाना है। संकल्प के अंतर्गत, मंत्रालय राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने के लिए राज्य प्रोत्साहन अनुदान (एसआईजी) प्रदान करता है। असम, बिहार, कर्नाटक, नागालैंड, सिक्किम और तमिलनाडु जैसे राज्य इसी तरह के अंतःक्षेपों अर्थात मोबाइल स्किल वैन/स्किल यात्रा, जिसका उद्देश्य वंचित और पहुंच से दूर समुदायों के लिए कौशल विकास पहल को सुगम बनाने के लिए कार्यान्वित कर रहे हैं।

(ख) एनएसडीसी द्वारा कार्यान्वित स्किल ऑन व्हील्स कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, रिटेल और इन-स्टोर प्रमोटर, कॉल सेंटर एग्जीक्यूटिव - आउटबाउंड / इनबाउंड कॉल, डिजिटल साक्षरता और वित्तीय साक्षरता जैसी रोजगार-भूमिकाओं में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। संकल्प के माध्यम से मोबाइल स्किल वैन पहल के तहत, स्व-रोजगार टेलरिंग, बेकिंग, प्लंबिंग, इलेक्ट्रीशियन, स्टोन मेसनरी और टाइलिंग, नैनो उद्यमी, टायर फिटिंग और रखरखाव, और स्ट्रीट फूड वेंडिंग को कवर करने वाली रोज़गार-भूमिकाओं में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

(ग) इन पहलों के अंतर्गत, स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर मांग-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किए जाते हैं। इन्हें अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) अथवा पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) प्रमाणन के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, कौशल कार्यक्रमों के बारे में युवाओं में जागरूकता सृजित की जाती है और युवाओं की अपेक्षाओं को उपलब्ध कैरियर अवसरों से मिलाने के लिए करियर परामर्श प्रदान किया जाता है।

(घ) इन पहलों से लाभान्वित युवाओं/महिलाओं का राज्य-वार ब्यौरा इस प्रकार है:

राज्य	एनएसडीसी के स्किल ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत लाभान्वित युवा	संकल्प के तहत मोबाइल स्किल वैन/कौशल यात्रा पहल से लाभान्वित युवा	कुल लाभान्वित युवा (एनएसडीसी+संकल्प)	कुल लाभान्वित महिलाएं (एनएसडीसी+संकल्प)
असम	-	10,669	10,669	5,514
बिहार	2,744	3,388	6,132	2,223
झारखंड	1,513	-	1,513	969
कर्नाटक	-	285	285	169
महाराष्ट्र	2,910	-	2,910	1,219
नागालैंड	-	801	801	201
राजस्थान	2,137	-	2,137	1,398
सिक्किम	-	970	970	530
तमिलनाडु	2,468	178	2,646	1,668
उत्तर प्रदेश	2,438	-	2,438	1,060
योग	**14,210**	**16,291**	**30,501**	**14,951**

*****